SHRI PRASANTA CHATTERJEE:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing will go on record ...*(Interruptions)*...

श्रीमती वृंदा कारत: यह क्यों नहीं बोलने दे रहे हैं, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा है। ...(व्यवधान)... सर, यह क्या हो रहा है? ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am requesting them; I am requesting you ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record ...*(Interruptions)*... Till I say, nothing will go on record ...*(Interruptions)*... मैंने बोलने की इजाजत दी है The House is not in order. What can I do? ...*(Interruptions)*... मैं क्या कर सकता हूं? ...(व्यवधान)... The House is adjourned till 2.00 p.m.

The House then adjourned at forty minutes past twelve of the clock.

The House re-assembled after lunch at two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

STATEMENT BY MINISTER

Dismantled overbridge crashing on Howrah-Jamalpur Express at Bhagalpur

SHRI DINESH TRIVEDI (West Bengal): Sir, I had given a notice to speak in the Zero Hour on Singur ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Statement by Minister ...*(Interruptions)*...

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद): उपसभापति जी, मुझे सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत दु:ख हो रहा है कि दिनांक 2.12.2006 को सुबह लगभग 7 बजकर 45 मिनट पर जब 3071 अप हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस भागलपुर स्टेशन पहुंचने ही वाली थी कि उसी समय हटाये जा रहे "उल्टा पुल" का मलवा अचानक गिरने से ट्रेन का एस-8 कोच मलवे के नीचे दब गया। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार इस दुर्घटना में 35 यात्रियों की मृत्यु हो गई, 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और चार यात्रियों को साधारण चोटें आईं। घायल यात्रियों को भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में तुरंत भर्ती करा दिया गया। ...(व्यवधान)...

घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया। महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे तथा मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अपने संबंधित अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। दिल्ली से रेलवे बोर्ड के सदस्य, इंजीनियरिंग भी घटनास्थल पर पहुंचे।

*Not recorded.

महोदय, मैंने स्वयं भी घटलास्थल का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया, घायलों एवं मृतकों के परिवारजनों से मुलाकात की तथा सभी आवश्यक उपचार व्यवस्था निःशुल्क करने के निर्देश दिये। मानव त्रासदी की गंभीरता को देखते हुए मैंने निर्णय लिया है कि मृत परिवार के निकट संबंधी को पांच लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपए और साधारण रूप से घायल यात्रियों को पच्चीस हजार रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाएगा। उक्त अनुग्रह राशि के अलावा मृतकों के आश्रितों एवं घायलों को रेल दावा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित चार लाख रुपए तक की राशि का मुआवजा भी अलग से देय होगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मृत यात्री के परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी भी दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल ऐसे यात्रियों को, जो पर्याप्त उपचार करने के बाद भी कार्य करने में सक्षम नहीं रहेंगे, उन्हें स्वयं या उनके परिवार के एक सदस्य को भी रेलवे में नौकरी दी जाएगी।

सौ साल से अधिक पुराने इस पुल के स्थान पर एक नये आरओबी का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका था। इसलिए इस पुराने पुल को तोड़कर वहां से हटाने का काम योजना के अनुसार पिछले एक सप्ताह पहले प्रारंभ किया गया था। इस दुर्घटना के दो दिन पूर्व 30 नवम्बर, 2006 को इस पुल का एक स्पैन गिराए जाने के बाद साथ वाला स्पैन ट्रैक पर अचानक गिरने की घटना हो चुकी थी। सौभाग्य से उस समय कोई गाड़ी पुल के नीचे से नहीं गुजर रही थी। फिर भी संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और पर्याप्त कदम न उठाने के फलस्वरूप उसी तरह का हादसा फिर हो गया जिसमें रेल यात्रियों की जान-माल की हानि हुई। इस घटना के लिए प्रथमदृष्टया जिम्मेदार डिप्टी चीफ इंजीनियर, निर्माण, सहायक अभियंता, निर्माण और कनिष्ठ अभियंता, निर्माण को निलंबित कर दिया गया है एवं इस कार्य के ठेकेदार मैसर्स बिजोय कुमार इंटरप्राइज़ेज को ब्लैक-लिस्ट करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस घटना के संबंध में उपर्युक्त इंजीनियर एवं ठेकेदार के विरुद्ध स्टेशन मैनेजर, भागलपुर द्वारा स्थानीय जीआरपी थाना में आपराधिक मामले संबंधी प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा इस दुर्घटना की वैधानिक जांच की जा रही है। सभी महाप्रबंधकों को इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्धारित व्यवस्था एवं प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पर्याप्त सावधानियां बरतने के आदेश दे दिए गए हैं। ...(व्यवधान)...

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, I may be allowed two-three minutes to speak ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Sir, please allow us to speak for two minutes. We are also cooperating ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, let this business conclude ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: In the morning also ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): महोदय, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह पश्चिमी बंगाल में ...(व्यवधान)...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN (Kerala): Sir, what is this? What happened today? ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: पश्चिमी बंगाल क्या भारत का हिस्सा नहीं है? वहां राजनाथ सिंह जी को किसानों के लिए ...(व्यवधान)...

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (RAILWAYS) 2006-07

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Supplementary demands ...*(Interruptions)*

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद): महोदय, मैं 2006-2007 के वर्ष के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों (रेल) को दर्शाने वाला एक विवरण (अंग्रेजी और हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं। ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: मैंने अलाउ किया। ...(व्यवधान)... I allowed this; I had made a request and said that if allowed, I shall allow you to speak. But you people had no opportunity. What can I do? Please don't say, 'the Chair did not allow.' The Chair did allow ...*(Interruptions)*... In the morning I allowed it ...*(Interruptions)*...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): In the morning it was agreed to that three Members would be allowed to speak ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In the circumstances, Chair can make a decision ...*(Interruptions)*... you cannot question that.

SHRI MATILAL SARKAR (Tripura): Sir, this is a matter ...*(Interruptions)*... We must be allowed. Nothing should be ...*(Interruptions)*... it is a matter of ...*(Interruptions)*...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN (Kerala): On every issue they are forcing adjournment of the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let them speak ...*(Interruptions)*...

आप बैठिए। ...(व्यवधान)... वे बोलेंगे ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदय, मेरी बात तो सुन लीजिए। ...(व्यवधान)... एक नया आयाम जुड़ गया है। ...(व्यवधान)... भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय